● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 296, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार , 13 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों का विकास जरूरी 5

स्मृति मंधाना ने रच दिया इतिहास 6

## श्रीकृष्ण के जीवन की प्रत्येक घटना मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री अलीराजपुर के रिंगोल में श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में हुए सम्मिलित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि के लोग मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पटलिया समाज के लोग गुजरात स्थित नवतनपुरी धाम जामनगर, महामंगलपुरी धाम सूरत और मध्यप्रदेश स्थित मुक्ति पीठ पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में जाकर दर्शन लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह घोषणा आज अलीराजपुर जिले के ग्राम रिंगोल स्थित लाडीवरिया फलिया में आयोजित श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव-2024 में की। उन्होंने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं स्वतंत्रता सेनानी परथिया बाबा की धरती को नमन किया। मुख्यमंत्री ने बरझर क्षेत्र में पुलिस थाने की स्थापना बोरकुंडिया में बिजली ग्रिड की स्थापना तथा चंद्रशेखर आजाद नगर विकासखंड क्षेत्र की लगभग 28 किलोमीटर की सड़कों के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने




उद्बोधन में कहा कि श्री कृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव के अलौकिक दिव्य वातावरण में आकर मन आनंदित हो गया है। बुंदेलखण्ड के महाराज छत्रसाल को श्री प्राणनाथजी ने भेंट के रूप में तलवार दी। श्री प्राणनाथजी ने श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म संप्रदाय की स्थापना की तब से यथावत चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन की प्रत्येक घटना मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से हमें यह शिक्षा मिलती है कि सच्चाई के मार्ग पर निरंतर चलने और कष्टों से गुजरने के बाद ही वे श्रीकृष्ण कहलाये। श्रीकृष्ण को मोर मुकुट धारण करने में आनंद मिलता है यही मोर मुकुट समूचे समाज की पहचान के रूप में सुशोभित होता है। राज्य शासन द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में कृष्ण लीलाओं को पढ़ाए जाने का समावेशन किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय क्षेत्रों में गीता भवन की स्थापना की जाएगी। गीता कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग का अद्भुत संगम है जो अनेक रूपों में मानव जीवन को प्रभावित करती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में सर्वप्रथम गुरुजी श्री नटवरलालदास जी भट्ट (हरकुंडी गुजरात) की स्मृति में स्थापित मूल मिलावा के दर्शन कर परिक्रमा की। मूल मिलावा परमधाम में आत्मा का परमात्मा के मिलन को दर्शाता है। यहां पर भागवत जी एवं प्रणामी ग्रन्थों जैसे स्वरूप साहेब, वित्तक साहेब, ब्रह्मवाणी आदि 216 रखें ग्रंथों का अनुयायियों द्वारा महोत्सव के दौरान पाठ किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच पर स्थित गुरु गादी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव आयोजनकर्ताओं द्वारा वृहद पुष्पमाला एवं पारंपरिक साफा पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही अलीराजपुर जिले संस्कृति को परिलक्षित करते चांदी के कड़े भेंट किए। श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव-2024 गुरुजी श्री नटवरलालदास जी भट्ट के 46वें स्मृति महोत्सव के रूप में महाराज श्री रश्मिकांत एन. भट्ट जी के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय 9 से 13 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें श्रीमदभागवद श्रीकृष्ण कथा, ब्रह्मज्ञान, महायज्ञ का आयोजन किया जाता है।

श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म के श्री रश्मि कांत भट्ट महाराज, श्री स्वामी राज दास जी महाराज, श्री महेंद्र प्रसाद जी महाराज, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, जोबट विधायक श्रीमती सेना महेश पटेल, पूर्व सांसद श्री गुमान सिंह डामोर, पूर्व विधायक श्री माधौसिंह डावर, जनपद अध्यक्ष श्री इंदर सिंह डावर, श्री विशाल रावत, रिंगोल के सरपंच श्री महेश भूरिया सहित बड़ी संख्या में पटलिया समाज के लोग उपस्थित थे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को केन्द्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को मंजूरी दे दी। अब केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र में इसे सदन में पेश कर सकती है।

इससे पहले एक देश, एक चुनाव पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं।

हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। दरअसल, एक देश एक चुनाव की बहस 2018 में विधि आयोग के एक मसौदा रिपोर्ट के बाद शुरू हुई थी। उस रिपोर्ट में आर्थिक वजहों को गिनाया गया था। आयोग का कहना था कि 2014 में लोकसभा चुनावों का खर्च और उसके बाद हुए विधानसभा चुनावों का खर्च लगभग समान रहा है। वहीं, साथ-साथ चुनाव होने पर यह खर्च 50-50 के अनुपात में बंट जाएगा।

सरकार को सौंपी अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट में विधि आयोग का कहना था कि साल 1967 के बाद एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया बाधित हो गई। आयोग का कहना था कि आजादी के शुरुआती सालों में देश में एक पार्टी का राज था और क्षेत्रीय दल कमजोर थे। धीरे-धीरे अन्य दल मजबूत हुए कई राज्यों की सत्ता में आए। वहीं, संविधान की धारा 356 के प्रयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया को बाधित किया। अब देश की राजनीति में बदलाव आ चुका है।

## दिल्ली में महिला सम्मान योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** महिला सम्मान योजना को दिल्ली कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को 1000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। हालांकि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने इसे बढ़ाकर 2100 रुपये करने का एलान भी किया है। आज सुबह हुई दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक में महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी गई है। इससे पहले वित्त विभाग ने इस योजना पर आपत्ति जताई थी। अरविंद केजरीवाल ने इसे आप की सातवीं रेवड़ी बताया था। इस योजना की घोषणा करते हुए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद



केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना लागू कर दी गई है। महिलाओं के खाते में 1000 रुपये डाले जाएंगे। 2025 में सरकार बनने पर इसे 2100 रुपये कर दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बाद पैसा आना शुरू हो जाएगा। ये सम्मान महिलाओं का अधिकार है। केजरीवाल जो ठान लेता है वो करके रहता है। जो बोला वो करके दिखाया माताओं-बहनों को उनका हक मिलेगा। केजरीवाल ने कहा कि मैंने वादा किया था कि हर महिला को 1,000 रुपये दूंगा। आज सुबह आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। अब यह योजना दिल्ली में लागू हो गई है। 10-15 दिन में चुनावों की घोषणा हो जाएगी, इसलिए अभी खाते में पैसे ट्रांसफर करना संभव नहीं है। कुछ महिलाओं ने कहा कि महंगाई के चलते 1000 रुपये काफी नहीं होंगे। इसलिए कल से 2100 रुपये प्रति माह के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होगा।

## सांसद कंगना रनौत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**आगरा।** राष्ट्रद्रोह वाद के केस में सांसद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत बृहस्पतिवार को भी स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। उनकी तरफ से कोई अधिवक्ता भी हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय कर दी। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह ने कोर्ट में धारा 200 सीआरपीसी के तहत अधिवक्ता के बयान दर्ज हुए थे।

## केंद्रीय मंत्री रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया। उच्च सदन में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में यह विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस विशेषाधिकार प्रस्ताव को 60 विपक्षी नेताओं का समर्थन मिला है और इन विपक्षी सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं।

टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा कि कल सदन में विपक्ष को संबोधित करते हुए




किरेन रिजिजू ने कहा कि आप सभी इस सदन में रहने के योग्य नहीं हैं। संसदीय कार्य मंत्री को संसद को सुचारू रूप से चलाने पर फोकस करना चाहिए, लेकिन वे इसके बजाय बार-बार विपक्ष का अपमान कर रहे हैं। घोष ने कहा कि किरेन रिजिजू ने विपक्षी सदस्यों का अपमान किया है और संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह विपक्षी सांसदों के खिलाफ व्यक्तिगत शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह पूरी तरह से अनुचित है और वे अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि विपक्षी सांसद ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। जिस पर बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी सासंदों पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी सांसद सदन में रहने के योग्य नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि यदि आप कुर्सी का सम्मान नहीं कर सकते हैं तो आपको इस सदन का सदस्य होने का कोई अधिकार नहीं है।

## 75 फीसदी आरक्षण देने वाला कानून पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने वाले कानून को लागू करने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने 2021 में कैबिनेट में फैसला लिया था कि निजी कंपनियां अपने यहां 40 हजार प्रतिमाह तक की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देंगी। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने लघु उद्योग संघ की ओर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

## दंतेवाड़ा में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

### सात माओवादी ढेर, फायरिंग अभी भी जारी

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा जिले के सीमा में गुरुवार की सुबह नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से रुक-रुककर गोलियां अभी भी चल रही हैं। अब तक मुठभेड़ में सात वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। पुलिस नक्सलियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। बताया जा रहा है कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ-सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। जहां गुरुवार की सुबह तीन बजे से संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है। वहीं, नक्सलियों के द्वारा की जा रही गोलीबारी का पुलिस जवानों के द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।

## धार्मिक स्थलों पर नए मुकदमे नहीं दायर किए जाएंगे : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

साथ ही शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर



जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है।

नवगठित पीठ ने नए मुकदमों पर विचार करने पर रोक लगाने के आदेश के विरोध को खारिज कर दिया। कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वकीलों ने इस आदेश का विरोध किया था। पीठ ने कहा, मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

## 180 दूरस्थ पीवीटीजी बहुल गांवों को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने की तैयारी

**भोपाल।** राज्य सरकार प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना में प्रदेश के दूरस्थ पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) बहुल गांवों और बसाहटों को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इस योजना के तहत कुल 180 पीवीटीजी बहुल गांवों और बसाहटों में जल्द से जल्द मोबाइल कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में 52 गांवों/बसाहटों में 44 मोबाइल टावर स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, 50 गांवों में 43 नए 4त मोबाइल टावर लगाने का कार्य चल रहा है। इन कार्यों को 31 दिसंबर 2024 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि पीवीटीजी समुदाय को आधुनिक तकनीक, इंटरनेट सुविधाओं सहित सबके जन-धन बैंक खाते खुलवाकर उन्हें एडवांस बैंकिंग सिस्टम (ओटीपी/वेरिफिकेशन कोड आदि) से जोड़ने के लिये सभी गांवों और बसाहटों में मोबाइल टावर्स लगाये जा रहे हैं।

## रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 13 दिसम्बर को गोल जोड़, कोलार रोड भोपाल में प्रदेश के 8वें टाइगर रिजर्व रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण करेंगे। इसमें विशिष्ट अतिथि राज्य वन पर्यावरण मंत्री श्री दिलीप अहिरवार होंगे। लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अभिनेता, लेखक, निदेशक श्री रणदीप हूड्डा रातापानी टाइगर रिजर्व की जागरूकता के लिये विरासत से विकास की अनूठी दौड़ बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। यह रैली गोल जोड़ चौराहे से एकांत पार्क तक निकाली जाएगी। रातापानी टाईगर रिजर्व का लोकार्पण 13 दिसम्बर 2024 को सुबह 10-30 बजे होगा।

## सफेद हाथी साबित हो रही आयुष्मान योजना : कमलनाथ

**भोपाल।** आयुष्मान भारत योजना को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आरोप लगाये हैं, उन्होंने इसे सफ़ेद हाथी करार दिया है, कमलनाथ ने इस योजना में शामिल बीमारियों की सूची से 196 बीमारियों को हटाने पर ऐतराज जताते हुए इसे वापस सूची में शामिल करने की मांग की है। दरअसल 2018 में मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना में पात्र हितग्राही को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है, हाल ही में इस योजना में 70 साल से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को भी शामिल किया गया है, इस योजना में 1760 बीमारियों का इलाज निजी अस्पतालों में करवाने की सुविधा सरकार ने दी लेकिन कुछ शिकायतों के बाद सरकार ने 196 बीमारियों को इलाज वाली सूची से अब हटा दिया है, यानि अब इन 196 बीमारियों का इलाज प्राइवेट अस्पतालों में नहीं होगा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि आयुष्मान योजना धीरे-धीरे सफ़ेद हाथी बनती जा रही है। मध्य प्रदेश में 196 बीमारियों को निजी अस्पतालों में इलाज की सूची से बाहर कर दिया गया है। दूसरी तरफ़ सरकारी अस्पतालों में उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है। कमलनाथ ने लिखा कि मलेरिया, मोतियाबिंद का ऑपरेशन, छोटे बच्चों की बीमारी, बुजुर्गों की कई बीमारियाँ निजी अस्पतालों में इलाज से बाहर कर दी गई हैं।

## ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रणाली में सुधार की जरूरत : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में सड़क हादसों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारत का रिकॉर्ड इतना गंदा है कि उन्हें विश्व सम्मेलनों में मुंह छिपाना पड़ता है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि उनके मंत्रालय के तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आई, बल्कि इसमें वृद्धि हो गई।

गडकरी ने कहा कि जब तक समाज मदद नहीं करेगा, मानवीय व्यवहार नहीं बदलेगा और कानून का डर नहीं होगा, तब तक सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लगेगा। देश में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर साल 1.7 लाख से अधिक लोगों की मौत ऐसी दुर्घटनाओं में हो जाती है। इतने लोग न लड़ाई में मरते हैं, न कोविड में मरते हैं और न ही दंगे में मरते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं विश्व सम्मेलनों में जाता हूं तो मुंह छिपाता हूं। दुर्घटनाओं का सबसे गंदा रिकॉर्ड हमारा है। उन्होंने सांसदों से कहा कि वे सड़क हादसों को रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास करें। नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है। इसलिए उपचार के लिए कैशलैस योजना लाई गई है। उत्तर प्रदेश में इस पायलट



परियोजना की शुरुआत हो रही है, इसके बाद पूरे देश में लागू की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने भारत में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में जहां आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस मिलता है, उस देश का नाम भारत है। हम इसमें सुधार कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सांसदों से कहा कि वे सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रयास करें और समाज को जागृत करने का काम करें। नितिन गडकरी ने लोकसभा को बताया कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.78 लाख लोग मारे जाते हैं। इनमें से 60 फीसदी 18-34 वर्ष आयु वर्ग के होते हैं। कई लोग बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते हैं। कुछ लोग लाल बत्ती का उल्लंघन करते हैं। यह एक अजीब स्थिति है।

पूरक प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है, जबकि शहरों में इस तरह की मौतों के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर है। उत्तर प्रदेश में 23,000 से अधिक लोग ( कुल मौतों का 13.7 प्रतिशत) सड़क दुर्घटनाओं के कारण जान गंवा देते हैं। तमिलनाडु में 18,000 से अधिक (10.6 प्रतिशत) मौतें होती हैं। महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 15,000 से अधिक या कुल मौतों का नौ प्रतिशत है। मध्य प्रदेश में 13,000 से अधिक (आठ प्रतिशत) मौतें होती हैं। शहरों में दिल्ली 1400 से अधिक मौतों के साथ सबसे आगे है, जबकि बंगलूरू में 915 मौतें हुई हैं। जयपुर में सड़क दुर्घटनाओं के कारण 850 मौतें दर्ज की गई हैं।

# डीडीए की उदासीनता से किसानों को नहीं मिल पा रहा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ

## किसानों की समस्याओ को सुनना तो दूर मिलना भी मुनासिब नहीं समझते

सिंगरौली

उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण की उदासीनता और निष्क्रियता से जिले के किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे किसानों में मायूसी और निराशा का माहौल है।

बताते चले कि एक ओर केंद्र और राज्य सरकार देशभर के किसानों को आर्थिक मजबूती हेतु उन्नतशील बीजो व अत्याधुनिक तकनिकी संसाधनों से संपन्न बनाने की दिशा में द्रुतगति से महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। लेकिन मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में पदस्थ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप संचालक आशीष पाण्डेय की निष्क्रियता और पद के रुतबे के कारण केंद्र व राज्य शासन की योजनाओ का लाभ जिले के लाखों किसानों को अभी भी नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि उप संचालक का रुतबा इतना बड़ा है कि क्षेत्र में जाना तो दूर किसानों से मुलाक़ात करना भी मुनासिब नहीं समझते है द्य काश कभी कोई किसान मिलने भी जाता है तो यह कहकर बैरग कर दिया जाता है कि साहब अभी खाली नहीं है द्य इतना जबाब पाते ही किसान मायूसी लेकर वापस आ जाता है। बताया जाता है कि उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण आशीष पाण्डेय जिले में लगभग 8 साल से जमे पड़े हुए है द्य जबकि जिले में हर विभाग प्रमुख का लगभग ढाई- तीन साल में ट्रांसफर कर दिया जाता है। बताया जाता है कि उप संचालक की विभाग में लम्बी सेटिंग है, जिससे इनका किसानो के प्रति कोई सहानुभूति पूर्वक व्यवहार और रवैया नहीं है । बताया जाता है कि उप संचालक आशीष पाण्डेय किसानों को लाभ दिलाने के बजाय अपने लाभ के चक्कर में ज्यादातर समय लगे रहते है। दफ़्तर पहुंचते ही बजट खर्च करने और किसानों को लाभ पहुंचाने के आंकड़े बाजी में व्यस्त रहते है। जिले के किसानों को लाभ मिले या ना मिले विभाग के अफसरों और जनप्रतिनिधियों को आंकड़ेबाजी के खेल में उलझाये रहते है द्य जिससे किसानों की जमीनी हकीकत इनके जादुई आंकड़े बाजी में गुमराह हों जाती है। बताया जाता है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जिले के किसानों को उन्नतशील बीज मुहैया कराने प्रत्येक जींस का निशुल्क बीज किट वितरण कराया जाता है, लेकिन उप संचालक और बीज सप्लायार में साँठगांठ से महज खानापूर्ति के लिए किसानों को बीज किट वितरण कराया जाता है द्य जिससे किसानों में उप संचालक आशीष पाण्डेय की कार्यप्रणाली को लेकर भारी नाराजगी का माहौल है। किसानों नें जिले के जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर का ध्यनाकर्षित कराते हुए जाँच की मांग की है।

### नाबालिग को अगवा कर उससे जबरन शादी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के सतत मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन के सतत निगरानी में थाना प्रभारी चितरंगी उनि, सुरेन्द्र यादव द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये नाबालिग से जबरन शादी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना पर 10 दिसम्बर को लवकुश व्दिवेदी पिता रावेन्द्र प्रसाद द्विवेदी उम्र 23 वर्ष निवासी कर्थुआ थाना चितरंगी एवं अभिषेक दुबे पिता ललउ राम दुबे उम्र 20 वर्ष निवासी भलुगढ़ थाना बरगवा को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष जे. आर. पर पेश किया गया। मामले में फरियादिया निवासी पराई थाना चितरंगी की रिपोर्ट की कि दिनांक 14 अक्टूबर को सुबह करीब 11.00 बजे अपने बड़े पिता के घर कर्थुआ से अपना आधारकार्ड लेकर पैदल वापस अपने घर पराई आ रही थी जब मैं कर्थुआ और पराई के सीमा पर पहुंची तभी मेरे गाँव के लवकुश द्विवेदी अपने मामा के लड़के अभिषेक दुबे के साथ अपनी कार में जबरदस्ती मुझे बैठाकर सीधी ले जाकर कोर्ट में लवकुश द्विवेदी मुझसे शादी का कागज बनवाकर दस्तखत बनवा लिया और उसके बाद दोनो मिलकर मुझे कार से बढौरा मंदिर ले जाकर लवकुश पंडित के सामने मांग में सिन्दुर डाला था और बोला था कि मैं तुमसे शादी कर लिया।

# शिगो शोवा काई कराते प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** शिगो शोवा काई कराते डो आर्गेनाइजेशन इंडिया से संबंध जिला स्तरीय शिगो शोवा काई कराते प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी वीवा क्लब में किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी ने बड़ा उत्साह से भाग लेकर अपने प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम शुभारंभ के मुख्य अतिथि एनटीपीसी के एजीएम (सेफ्टी) आशीष अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शालिनी अग्रवाल उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी के एजीएम (ईएमडी) जयदीप भौमिक वही कार्यक्रम का अध्यक्षता एनटीपीसी वीवा क्लब के कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने



किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के कर कमरों द्वारा विजेता विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्सवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि द्वय ने कहा कि कराते एक बेहतर खेल के साथ-साथ आत्मरक्षा का उत्कृष्ट विधा है। इसे हर बच्चों को सीख कर अपने दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया। कराते खेल से जहां शारीरिक मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासित जीवन जीने की राह दिखाता है। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का प्रदर्शन का जमकर सराहना की। संघर्ष पूर्ण स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर एनटीपीसी वीवा क्लब का कब्जा जा रहा। उपरोक्त प्रतियोगिता गणेश सिंह विशाल के तकनीकी देखरेख संपन्न हुआ। निर्णायक मंडल में सुश्री खुशबू साकेत, वंदना प्रजापति, सुश्री अर्पिता विश्वास, मुकेश कुमार साकेत, सुश्री रूपा साकेत, श्रीमती रश्मि भारद्वाज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## युवा संगम अंतर्गत रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिग का आयोजन 24 दिसम्बर को

**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. शासन के निर्देशानुसार युवा संगम अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिग जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आई.टी.आई. सिंगरौली के संयुक्त रूप से दिनाक 24 दिसम्बर को सुबह 11.00 बजे से शांय 4 बजे तक पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिंगरौली में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निम्नांकित कम्पनियां भाग ले रही है। इच्छुक आवेदक महिला एवं पुरूष उपस्थित होकर निम्न कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों की शैक्षिणक योग्यता 5वीं से 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक, बीटेक एमबीए स्नातक डिग्री, निर्धारित की गई है। तथा आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। तथा आवश्यक दस्तावेज बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता प्राप्त प्रमाण पत्र व फोटोकॉपी ,पासपोर्ट साइज फोटो 4 नग आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन आवश्क है।रोजगार मेले में ट्रायडेंट कंपनी, बुधनी,. अदानी पॉवर महान इनर्जेन लिमिटेड बंधौरा,. रिलायंस पावर सासन लिमिटेड,. हिंडाल्को पावर लिमिटेड बरगवां, टी.एच.डी.सी. इंडिया लि.,जे. पी. निगरी पॉवर प्लांट,. जे.पी अमिलिया कोल माइंस,.रिलायंस कोल माइंस, एल.एण्ड टी. बैढ़न, एन.टी.पी.सी. विध्यनगर,. त्रिमुला इंडस्ट्री प्रा.लि.,. हिंदुस्तान ऑटोमोटिव,पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, खम्हरिया,. एसेल माइनिंग,. एस.आई.एस. सेक्योरिटी, व्ही. कॉमर्शियल, टाटा ए.आई.ए. बैढ़न इंजिनियरिंग प्रा.लि. बलियरी,. यशस्वी ग्रुप,. आर्या वेंचर प्राइवेट लिमिटेड, एल.आई.सी.. आर सेटी,उत्कर्ष कौशल केंद्र,. आदित्य बिरला कैपिटल,.श्रीराम लाइफ इंस्योरेंस, प्रगतिशील बायोटेक,एवं अन्य कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है।

# सरई में अतिक्रमणकारियों पर कब होगी कड़ी कार्यवाही

## तियरा विद्यालय के तीन छात्राओं के साथ घटी घटना से प्रशासन को लेना चाहिए सबक




**सिंगरौली।** सरई नगर परिषद मुख्यालय में बीते 29 नवंबर को पुलिस प्रशासन राजस्व अमला और नगर परिषद अमला की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की अपूर्ण कार्यवाही कोरम पूर्ति के हिसाब से किया गया था। एवं कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपना सामान हटाने के लिए समय मांगा था। जहां प्रशासन द्वारा नरमी बरतते हुए उनको समय दिया गया, जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए व्यापारियों ने अपना सामान, दीवाल, खंभे यथावत रहने दिया है। नगर परिषद द्वारा इन पर दरियादिली दिखाई जा रही है। कुछ व्यापारियों द्वारा भाजपा नेता होने का धौंस दिखाया जा रहा है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद मौन है।सरई मुख्य बाजार में जाम लगने की सिलसिला लगातार जारी है। आज भी जाम की समस्या से लोग जूझ रहे हैं और प्रशासन को लगातार कोस रहे हैं। पुलिस भी जाम हटवाने में दिलचस्पी नहीं ले रही है। बाजार में सुबह से शाम तक 24 घंटे बड़े-बड़े हाईवा वाहन चल रहे हैं। जिनके चलते अक्सर रोड जाम हो जाती है। इन भारी हाईवा वाहनों को रोकने -टोकने वाला कोई नहीं है।सरई मुख्य बाजार में जिस समय स्कूलों की छुट्टी होती है। उस समय प्रतिदिन जाम के हालात निर्मित होते हैं। जिस पर प्रशासन का कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि उसी मार्ग से वह भी गुजरते हैं। सरई की जाम को देखकर स्कूली छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को हमेशा अनहोनी घटना की आशंका बनी रहती है। जिस तरह से तियरा हायर सेकंडरी विद्यालय के तीन छात्राओं को एक साथ बाइक चालक ने कुचला है। कहीं उस घटना का सरई में भी पुनरावृति न हो जाए। यह डर हमेशा बनी रहती है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने इस ओर सिंगरौली कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# 60 शीशी कोरेक्स के साथ आरोपी गिरफ्तार




**सिंगरौली।** निवासी चौकी पुलिस ने 60शीशी कोरेक्स के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में निवास चौकी प्रभारी मनोज सिंह ने की है। चौकी प्रभारी श्री सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की कैलाश प्रसाद गुप्ता कोरेक्स लेकर बिक्री के लिए निवास हर्दी की ओर जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी ने तत्काल एक पुलिस टीम मुखबिर के बताए हुए स्थान पर रवाना किया। जहां पुलिस टीम ने आरोपी कैलाश प्रसाद गुप्ता को घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। तलाश के दौरान आरोपी के कब्जे से 60 शीशी कोरेक्स सिरप जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर न्यायालय में पेश किया,जहां न्यायालय से जेल भेज दिया गया। उक्त कारवाही में सउनि दीपनारायण, त्रिवेणी पाल, प्रआर ज्ञानेंद्र सिंह,आर प्रभात कुमार दुबे, बिद्दू सिंह, रविराज सिंह, नीरज सिंह, मोहित सिंह की भूमिका रही।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे इंटरडिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का हुआ समापन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल मे 17 दिवसीय इंटरडिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का समापन परियोजना मे स्थित एनएच-3 ग्राउंड, विंध्यनगर में एक रोमांचक फाइनल मैच के साथ हुआ, जो कि स्पोर्ट्स काउंसिल विंध्यनगर द्वारा आयोजित किया गया था। फाइनल मुकाबले में टीम प्रचालन ग्रुप और टीम सीएंडआई, प्रचालन एवं अन्य के बीच भिड़ंत हुई, जिसमे टॉस जीतकर टीम सीएंडआई, प्रचालन एवं अन्य ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 68 रन बनाए। इसके बाद टीम ऑपरेशन ग्रुप ने 69 रन के लक्ष्य को 8 ओवर में हासिल कर लिया और 6 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच के बाद पुरुषों की इंटरडिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट और महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के विजयी प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। महिला फाइनल में टीम पिंक पैंथर्स ने टीम लक्ष्य को 13 रन से हराकर जीत हासिल की।इस अवसर पर उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए मुख्य-अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु खेल परिषद, विंध्याचल के पदाधिकारियों और प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा परियोजना द्वारा इस प्रकार की खेल गतिविधियों के आयोजन को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक(हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा और स्पोर्ट्स काउंसिल के उपाध्यक्ष नवनीत कुमार उपस्थित रहे।यह आयोजन कौशल और खेल भावना का अद्भुत प्रदर्शन था, जिसने टूर्नामेंट के समापन को यादगार बना दिया।

### 10 वर्ष से फरार आरोपी को जयंत पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निदेश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते की सत्त निगरानी थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार द्वारा अपनी टीम के साथ 10 वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी मे बताया गया कि फरियादी श्रीमती अनारकली बैगा पत्नी दादे सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी आईबीपी कम्पनी झोपडपट्टी जयंत चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 फरवरी 2014 को उसका रास्ता रोककर मारपीट किये एवं जान से खतम करने की धमकी दिया, रिपोर्ट पर अप0क0-51/14 धारा 341,294,323,324,506,34 भादवि0 का अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना की गई।

न्यास मण्डल की बैठक हुई आयोजित

# डीएमएफ मद से स्वीकृत पूर्व निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाये : राधा



**सिंगरौली।** डीएमएफ मद से पूर्व वर्षो से स्वीकृती निर्माण कार्यो को शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर सी.सी जारी करे। तथा जो भी नवीन निर्माण कियें जाएं उनका भूमिपूजन एवं पूर्ण कार्यो का लोकापर्ण संबंधित क्षेत्र के विधायक गणो एवं जन प्रतिनिधियों से कराया जाना सुनिश्चित करे। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित न्यास मण्डल की बैठक दौरान राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा दिया गया। आयोजित बैठक में देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनम सिंह,कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल,की गरिमामय उपस्थिति रही। बैठक के दौरान माननीय राज्य मंत्री एवं विधायक गणो के द्वारा विभागवार पूर्व स्वीकृत डीएमएफ फण्ड के कार्यो के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दियें कि ऐसे कार्य जो अभी तक पूर्ण नही कियें गये है। उन्हें शीघ्र पूर्ण करे गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नही आनी चाहिएं। साथ ही विकास से संबंधित महत्वपूर्ण नवीन कार्यो के संबंध में चर्चा की गई। वही जिला खनिज अधिकारी ए.के राय के द्वारा बैठक के प्रारंभ में पूर्व वर्ष में स्वीकृती कार्यो की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। साथ जो अधूरे निर्माण कार्य है उनके संबंध में जानकारी दी गई।बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि सिहावल अजय पाठक, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री के संज्ञान में पहुंचा सरपंच सचिव का काला चिट्ठा

## सिंगरौली पहुंचीं प्रभारी मंत्री से मिले ग्रामवासी,अब हो सकती है बड़ी कार्यवाही

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत बूढ़ाडाण में हुए भ्रष्टाचार का मामला अब प्रभारी मंत्री संपतिया उइके के संज्ञान में पहुंच चुका है सिंगरौली प्रवास पर पहुंची प्रभारी मंत्री को ग्राम वासियों ने सरपंच सचिव के खिलाफ काला चिट्ठा पकड़ा दिया है अब माना जा रहा है कि निश्चित रूप से गहन पड़ताल के बाद बड़ी कार्यवाही हो सकती है इधर ग्राम वासियों ने माह भर पूर्व ही जिले के तमाम अधिकारियों से शिकायत की थी जांच कमेटी भी बनी थी लेकिन दुर्भाग्य बस अभी तक जांच नहीं हो पाई जिले के अधिकारियों से असंतुष्ट होकर ग्राम वासियों ने प्रभारी मंत्री से जांच एवं कार्यवाही की मांग की है सूत्र बताते है कि रामप्रसाद बैगा के घर के पास तालाब गहरीकरण का कार्य नहीं कराया गया है जबकि 79 हजार रुपये खर्च किये गए हैं। बुढ़ाडांड बैगान टोला आदिवासी बस्ती में पुलिया निर्माण 15वां वित्त एवं मनरेगा कंवर्जन का कार्य गुणवत्ता विहिन है गांव के खेत के पत्थर से बनाया गया है मौके पर पुलिया जर्जर हो गई है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।आदिवासी बस्ती कोलान टोला बघैला में पुलिया निर्माण का कार्य स्थल पर नहीं हुआ है जबकि राशि आहरित कर ली गई है।आदिवासी बस्ती बैगान गढ़ई टोला में पुलिया निर्माण कार्य स्थल पर नहीं किया गया और राशि आहरित कर ली गयी है बुढ़ाडांड के ग्राम खैराबडा में संजय तिवारी के घर के पास चेक डेम गुणवत्ता विहिन एवम बुनियाद विहिन है बुढाडांड के किटनीहवां टोला में 2 नग चेक डेम का निर्माण कार्य किया गया है जो नदी के बोल्डर एवं मिट्टी युक्त बजरी से बनाया गया है। बुढ़ाडांड के खैराबड़ा जोगदहवा नदी में रपटा निर्माण कार्य गुणवत्ता विहिन नदी का बोल्डर एवं नदी की बजरी बिना बुनियाद का बना था जो अब धरसाई हो गया है सरपंच ने अपने जमीन तक पहुंचाने के लिए इस रपटा का निर्माण कराया था वहां कोई बस्ती नहीं है। बुढ़ाडांड मिश्रीलाल पटेल के घर के पास चबूतरा निर्माण का कार्य कराया गया जो गुणवता विहिन है तथा चबूतरा टूट चूका है ग्राम पंचायत कार्यालय व्यय एवम् सामग्री के नाम पर लाखों रुपए निकाले गए हैं जबकि पंचायत मुख्यालय में वर्तमान सरपंच सचिव द्वारा कोई भी सामग्री नहीं खरीदी गई है ।सरपंच देवसर बाजार में रहते हैं और ग्राम पंचायत मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर है पंचायत में इनका कोई घर नही है , देवसर स्थित अपने घर से ही पंचायत का सारा काम करते हैं पंचायत भवन में नहीं पहुंचते और ग्राम वाशी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दर-दर भटकते हैं।सेमरा नाला के पस चेक डेम निर्माण नदी की मिट्टी युक्त बजरी से कराया गया था जो अब टूट गया है। बूढ़ाडांड़ में गैवियन चेक डेम कोलान बस्ती बघैला में 3 नग बांध पत्थर से बनाया गया था जिसमें सरपंच सचिव द्वारा जाली लपेटकर फोटो ग्राफी कर राशि निकाली गई एवं किटनिहवा स्कूल के पस गैवियन चेक डेम खेतों के पत्थर एवं मिट्टी डालकर जाली लैपेट कर बनाया गया था जो धरासायी हो गया है एवं मिश्रीलाल प्रजापति के घर के पास गैवियन चेक डेम गुणवत्ता विहीन के कारण स्थल पर गैवियन चेक डेम गायब हो गया है।

### एनटीपीसी विंध्याचल सतत राख प्रबंधन प्रयासों में अग्रणी

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत राख प्रबंधन पहलों के माध्यम से बनाए रखता है। संयंत्र ने सूखी राख प्रबंधन प्रणाली अपनाकर, फ्लाई ऐश उपयोग को अधिकतम करके और प्रभावी राख डाइक प्रबंधन लागू करके राख के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे पर्यावरणीय पदचिह्न को न्यूनतम किया गया है।राख परिवहन के दौरान, संयंत्र स्थल के अंदर या नजदीकी स्थलों तक परिवहन करते समय धूल उत्सर्जन को कम करने के लिए, राख को बंद वाहनों या सील और तिरपाल से ढंके वाहनों में सुरक्षित रूप से लोड किया जाता है।


## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बैढ़न

### जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/सि.स./भण्डार शाखा/2024/6978 सिंगरौली दिनांक 11/12/24

### निविदा आमंत्रण

जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण / फर्नीचर एवं अन्य हास्पिटल सामग्री जो जहां है जैसी स्थित में है के बोली के माध्यम से नीलामी हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सामग्री का विस्तृत विवरण एवं अवलोकन जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली के भण्डार शाखा में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र भण्डार शाखा से निर्धारित भुगतान दर से 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | निविदा का विवरण | निविदा प्रारूप प्राप्त करने का आरंभ दिनांक/ समय | निविदा जमा करने / खुली बोली का दिनांक/ समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण का विक्रय | 12.12.2024 के 10 बजे से 20.12.2024 | 23.12.2024 के दोपहर 03.00 बजे। | ऑफ लाइन |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बैढ़न
जिला सिंगरौली ( म.प्र. )

# पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : विधायक

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत बघवारी एवं बढौरा में शिविर सम्पन्न




**सीधी।** जन कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक संचालित मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत बघवारी एवं बढौरा में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि अभियान अंतर्गत केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित कर सेचुरेशन किया जाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में लोगों के जीवन में खुशहाली लाने लोक कल्याण पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अभियान को क्रियान्वित करने तथा घर-घर सर्वे कर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा, नारी, किसान तथा गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है एवं उनके हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है। इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को ग्राम पंचायत के नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाना है। उन्होंने शिविर में प्राप्त सभी विभागों के आवेदन पोर्टल में अपलोड कर निराकरण समय-सीमा में किए जाने का निर्देश दिया है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। ग्राम पंचायत बढ़ौरा में 5 हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन मंजूरी कर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विधायक ने बढौरा में जलजीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी सहित उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सरल शब्दों में जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच बघवारी फूलमती कोल, सरपंच बढ़ौरा रामप्रसाद कोल, प्रमोद द्विवेदी, विक्रम सिंह, पुनीत नारायण शुक्ला, मुनिराज विश्वकर्मा, पुष्पराज सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन स्थगित

**सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत पुलिस भर्ती में चयन हेतु महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन कर लिखित एवं पुलिस विभाग की आधारभूत संरचना का उपयोग करते हुये कमांडेट होमगार्ड द्वारा शारीरिक प्रवीणता की तैयारी हेतु युवतियों एवं बालिकाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिये जाने हेतु सीधी जिले की कुल 56 बालिकायें द्वारा दिनांक 23.09.2024 से 07.10.2024 तक (कार्यालयीन कार्य दिवसों में) कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला सीधी में आवेदन प्रारूप जमा किया गया है। जिले में महिला सशक्त वाहिनी कक्षा का संचालन दिनांक 14.12.2024 किया जाना था, किन्तु शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 सीधी में अध्ययनरत बालकध्बालिकाओ की परीक्षा होने के कारण आगामी तिथि तक स्थगित किया गया है। आगामी तिथि नियत होने पर महिला सशक्त वाहिनी कक्षा हेतु सभी पंजीकृत बालिकाओं को सूचित किया जावेगा।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में बुधवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सीधी जिले के 06 शासकीय महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें शासकीय महाविद्यालय मड़वास, खड्डी, सिहावल, मझौली, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के प्रतिभागियों की सहभागिता रही। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. दिवाकर सिंह सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र-संयोजक पोस्टर प्रतियोगिता एवं डॉ. राकेश कुमार प्रजापति सहायक नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ डॉ. नागेंद्र सिंह सहायक प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. राजेश विश्वकर्मा अतिथि विद्वान वाणिज्य, डॉ. अर्चना सिंह अतिथि विद्वान अंग्रेजी, डॉ. के.बी. राय सहायक प्राध्यापक हिन्दी, श्री मनोज कुमार प्रजापति स्थापना शाखा एवं सीधी जिले के शासकीय महाविद्यालयों से टीम मैनेजर के रूप में आए प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. नागेंद्र सिंह सहायक प्राध्यापक हिंदी, डॉ. के.बी. राय सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं डॉ. राजेश कुमार विश्वकर्मा अतिथि विद्वान वाणिज्य रहे।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी चंचल सेन बीएससी प्रथम वर्ष शासकीय महाविद्यालय मड़वास, द्वितीय स्थान रौनक सोनी बीएससी प्रथम वर्ष प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी तथा तृतीय स्थान दीपिका शर्मा बीएससी द्वितीय वर्ष शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। चयनित प्रतिभागियों सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# नर्सरी से कक्षा 8वीं तक विद्यालयों का संचालन 09 बजे के पूर्व नहीं करने के आदेश जारी

**सीधी।** सीधी जिला अन्तर्गत तापमान में अचानक आई गिरावट के कारण समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई., आरईएसई, माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेशित किया है कि नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की समस्त शालाओं का संचालन अग्रिम आदेश तक किसी भी स्थिति में प्रात: 9 बजे के पूर्व नहीं किया जावे।

# अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर पूजा पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीता पाठ आयोजित




**सीधी।** अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर पूजा पार्क सीधी में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीता पाठ आयोजित किया गया। यहां गीता पाठ, भजन प्रस्तुति, और प्रदर्शनी जैसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। गीता के श्कर्म योगश् के श्लोकों का आचार्यों द्वारा सस्वर पाठ किया गया, जिसने कर्म और धर्म के महत्व को गहराई से समझाने का प्रयास किया। इस महोत्सव ने न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि सांस्कृतिक पुनरुद्धार की दिशा में भी प्रेरणादायक कदम उठाए। भारतीय संस्कृति, परंपराओं, और जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करने वाला यह आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। गीता महोत्सव में श्रीमद्भागवत गीता पर व्याख्यान, श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 11, 12 एवं 15 का पाठ, आरती एवं प्रसाद वितरण का किया गया। इस अवसर पर व्यासपीठ विजय लक्ष्मी शुक्ला, राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता शिवमूरत देव, अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंह, पार्षद पूमन सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी, एपीसी सुजीत मिश्रा, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला गीता महोत्सव प्रभारी उदय कमल मिश्रा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ गीता महोत्सव

## एक साथ 18 संस्कृत के विद्वानों ने सस्वर गीता पाठ किया



**सीधी।** जिला कारागार सीधी में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। जेल परिसर में गीता पाठ कर विभिन्न मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में गीता के महत्व के बारे में बताया गया। श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन करते हुये गीता के महत्व को कैदियों को समझाया और कैदियों को अपने जीवन में इसे अपनाने पर जोर दिया। जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह ने इस सुन्दर कार्यक्रम के बारे में प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इस तरह के अध्यात्मिक कार्यक्रम जेल में होते है तो बन्दियों पर अलग असर पड़ता है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिये।

संस्कृत के विद्वान डॉ सनत कुमार पयासी, श्री सचिदानन्द तिवारी, श्री देवदत्त मिश्र, श्री विकास पाण्डेय, श्री प्रभाकर मिश्रा, डॉ सुधाकरधर द्विवेदी, श्री बीरेन्द्र तिवारी, श्री सुभम् चतुर्वेदी, श्री प्रवेश पाण्डेय, डॉ अनिल तिवारी, श्री शिरीश तिवारी, श्री पंकज कुमार द्विवेदी, श्री विनीन कुमार द्विवेदी, श्री आलोक शर्मा, श्री ज्योति प्रकाश मिश्र, श्री कामारि शुक्ला, श्री रामनरेश मिश्र, श्री जितेन्द्र त्रिपाठी द्वारा गीता पाठ स्वस्तिवाचन के साथ पूजा अर्चना कराई गई।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ रवीन्द्र वर्मा, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा, एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्र, जेलर रविशंकर सिंह, सतीश पांडे, योगेश सिंह, श्रवण शुक्ल, प्रजापित ब्रम्हकुमारीज शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और जेल के कैदी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 17 दिसंबर को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुराना भवन सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से (रोजगार मेला, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले) का आयोजन किया जा रहा है। मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सीधी, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि.मि. रीवा, प्रतिभा सिटेक्स पीथमपुर धार, एमआरएफ प्लान्ट दहेज जिला भरूच गुजरात, अमेजॉन वेयर हाउस एसोसियेट्स अहमदाबाद गुजरात, भारतीय जीवन बीमा निगम सीधी, याजिकी इंडिया प्रा.लि. बाबला अहमदाबाद गुजरात, रिको फलूइड्टोनिस गुड़गांव हरियाणा, सुब्रो लिमिटेड गुड़गावं हरियाणा, अतुल आटो अहमदाबाद गुजरात, क्यूस कार्पोरेशन लिमि. अहमदाबाद गुजरात, आयशर ट्रक एवं बस पीथमपुर धार, चेकमेट सर्विस प्रा.लि.मि. गुजरात एवं कैपिटल इन्फोलॉही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना सीधी रोजगार मेले में सम्मिलित होंगी। इच्छुक युवक एवं युवतियां जो 8वीं से स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई की योग्यता रखते है रोजगार मेले मे सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में शामिल होने हेतु लिंक में अपना पंजीयन कर मेले में शामिल हो सकते हैं।

# किसान 31 दिसंबर तक अपनी रबी फसल का बीमा करा सकते हैं : उपसंचालक

**सीधी।** उपसंचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में एग्रीकल्चर इन्स्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के माध्यम से अपनी रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर 2024 तक करा सकते हैं। ऋणी कृषकों का सम्बंधित बैंक (संस्था) के माध्यम से फसल बीमा किया जाएगा जहां से किसान ने ऋण लिया है। अऋणी कृषक बैंक से या कॉमन सर्विस सेंटर अथवा स्वयं पी .एम. एफ. बी वाय. पोर्टल के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। रबी फसलों का बीमा कराने के लिए भू-अधिकार पुस्तिका या बी 1, आधार कार्ड बैंक पास बुक तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। फसल बीमा कराए जाने पर प्राकृतिक आग, आकाशीय बिजली गिरना, बादल फटना, तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ़, जल भराव, भू-स्खलन, सूखा, कीट व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। फसल बीमा के संबंध में किसान भाई कृषि रक्षक पोर्टल एवं व्हाट्सएप नंबर 7065514447 पर या किसान कॉल सेन्टर (कृषि रक्षक हेल्पलाइन) 14447 अथवा सीधी जिले में पदस्थ फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने के लिए सीधी जिले हेतु पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं सिंचित के लिए प्रीमियम राशि रु. 626.77 प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित के लिए रु. 465.55 का प्रति हेक्टेयर, चना के लिए रु. 448.75 को प्रति हेक्टेयर, सरसों के लिए रु. 468.66 प्रति हेक्टेयर, तहसील स्तर पर अलसी के लिए रु. 408.55 प्रति हेक्टेयर पर, जिला स्तर की फसल पर मसूर के लिए रु. 426.85 प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि है, जो की बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत है।

# मारपीट के आरोपियों को न्यायालय उठने तक के कारावास की सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी नियमचंद गुप्ता ने दिनाँक 14.01.2020 को इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि आज दिनांक समय शाम 04ः30 बजे वह मकर संक्रांति को मरसरहा घाट सोननदी नहाने गया था तभी पुष्पराज पाण्डेय एवं अतुल सिंह चैहान पुराने विवाद को लेकर उसके साथ मां बहन गाली-गलौज की। गाली देने से मना करने पर अभियुक्तगण द्वारा उसके साथ डण्डा से मारपीट की तथा जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी, जिला सीधी में अपराध क्रमांक 08/2020 अंतर्गत धारा 294, 323/34 एवं 506 भाग-2 भा.दं.सं. का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना पश्चा९त् अभियोग पत्र माननीय न्याएयालय सीधी के समक्ष प्रस्तु-त किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 277/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्योयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण 1- पुष्पराज पाण्डेय तनय सुरेश प्रसाद पाण्डेय, उम्र 26 वर्ष, 2- अतुल उर्फ हरि प्रताप सिंह चैहान तनय रविराज चैहान, उम्र 25 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम सपही, थाना बहरी, जिला सीधी,(म0प्र0) को धारा 323/34 भादवि के आरोप में न्यायालय उठने तक कारावास एवं 1,000/-, 1,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## 13 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 220 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र में मानसून मेन्टीनेन्श एवं टेस्टिंग एण्ड ऑयल टोपिंग वर्क कराने हेतु दिनांक 13.12.2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगे। उन्होने बताया कि 33 केव्ही जे.पी. 1, जे.पी. 2, मड़वास, सिहावल एवं सेमरिया फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत बंद रहेंगी। कार्य की अधिकता होने पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# कल्चरर ट्वीनिंग (सांस्कृतिक युग्मन) आफ स्कूल योजना के क्रियान्वयन

## नकझरकला स्कूल के विद्यार्थियों ने खुटेली हायर सेकेण्डरी स्कूल का किया भ्रमण



**सीधी।** सिहावल विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नकझर कला के विद्यार्थी एवं शिक्षक पीएम श्री विद्यालय खुटेली का भ्रमण किया खुटेली के डिजिटल लाइब्रेरी आईसीटी लैब विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन किया। यह कार्यक्रम खुटेली विद्यालय के गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला रहा। हमारे विद्यार्थी जिस विद्यालय में अध्ययनरत है वे अपने आसपास के अन्य शासकीयध्निजी और सार्वजनिक स्कूलों सहित सभी स्कूलों के बीच परस्पर सहयोग और सकारात्मक तालमेल बढ़ाने के लिये परस्पर संपर्क कर सके। उसके साथ विभिन्न सांस्कृति साहित्यिक खेलकूद आदि आयोजनों में सहभागिता कर सके तथा वहां के विद्यार्थियों को अपने साथ अपने विद्यालय में भी विभिन्न स्तरों पर सहभागिता के अवसर उपलब्ध करा सके। खुटेली विद्यालय के पूर्व प्राचार्य पुष्पराज सिंह बताते है कि विद्यालय आपस में पाठ्यक्रम शैक्षणिक गतिगतिविधियॉ खेलकूद कार्यक्रम कैरियर सम्बंधी गतिविधियों की भागीदारी विद्यालय की संस्कृति परिवेश शिक्षण का ढंग उपलब्ध सुविधायें आदि को जानने एवं नया सीखने का अवसर आज प्राप्त हुआ। इतना ही नही एक-दूसरे के विद्यालय में खेलकूद सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आयोजन संवाद आदि में सहभागिता कराये जाने के अवसर भी भविष्य में प्राप्त होगे। कार्यक्रम में प्राचार्य नकझर विनोद पांडेय शिक्षक पंचमुखी पाण्डेय राजेश पाण्डेय अश्विनी नौटियाल महेश प्रजापति राजकुमार कुशवाहा और तनुजा शुक्ला और खुटेली विद्यालय के प्राचार्य छोटे लाल सिंह एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भाषण प्रतियोगिता से 6 दिवसीय सांस्कृतिक-अकादमिक गतिविधियों का आगाज



**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में छह दिवसीय सांस्कृतिक- अकादमिक गतिविधियों का शुभारंभ सोमवार को भाषण प्रतियोगिता से प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हो रहे इस आयोजन में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भाषण, निबंध, पोस्टर, लोकनृत्य, लोक गायन व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। सभी आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित होंगे। पहले दिन सोमवार को भाषण प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी, शासकीय महाविद्यालय मड़वास, रामपुर नैकिन, खड्डी, सिहावल, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी एवं टाटा कॉलेज सीधी के प्रतिभागी शामिल हुए और अपनी वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह के द्वारा की गई। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की रूपरेखा डॉ. अश्विनी द्विवेदी सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष इतिहास के द्वारा बतायी गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यशी शर्मा बीएससी चतुर्थ वर्ष शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी, द्वितीय स्थान पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता बीए प्रथम वर्ष शासकीय महाविद्यालय मड़वास एवं तृतीय स्थान दुर्गा तिवारी बीए प्रथम वर्ष शासकीय महाविद्यालय खड्डी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. कोमल पाण्डेय, डॉ. रितु साहू एवं डॉ.गौरव यादव रहे। भाषण प्रतियोगिता के दौरान डॉ. पी के सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी, डॉ. विनोद कुमार दुबे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खड्डी, डॉ. आई. पी. प्रजापति प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मड़वास, डॉ.एल.बी. सिंह प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सिहावल, डॉ. अश्विनी द्विवेदी विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ. राकेश कुमार प्रजापति सहायक नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालयों के टीम मैनेजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन संबंधी व्यवस्था मनोज प्रजापति, स्थापना शाखा के द्वारा की गई। दूसरे दिवस मंगलवार को निबंध प्रतियोगिता डॉ. गुलशेर अहमद सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं डॉ.राकेश कुमार प्रजापति सहायक नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में आयोजित हुई जिसमें जिले के 10 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ओम श्री श्रीवास्तव बीएससी प्रथम वर्ष शासकीय महाविद्यालय मड़वास, द्वितीय स्थान शंकर केवट बीए तृतीय वर्ष शासकीय महाविद्यालय मझौली एवं तृतीय स्थान अंकुश सिंह परिहार बीए तृतीय वर्ष संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी ने प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. हरिचरण अहिरवार प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुसमी, डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार साह सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी एवं सत्य प्रकाश शुक्ला अतिथि विद्वान भौतिकशास्त्र संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी रहे। उक्त दोनों दिवस की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी के सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

# स्मृति मंधाना ने रच दिया इतिहास

## 2024 में वनडे में लगाए 4 शतक



**एक साथ तोड़े 7 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला पर्थ में खेला गया। इस मैच में भारत को 83 रन से हार मिली और टीम इंडिया 298 रन के जवाब में 215 रन पर आउट हो गई। इस मैच में भारत की तरफ से ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शतकीय पारी खेली और सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज भी रहीं।

इस मैच में मंधाना ने कंगारू टीम के खिलाफ अपना शतक 103 गेंदों पर पूरा किया और इस दौरान उन्होंने एक छक्का और 13 चौके भी लगाए। ये वनडे क्रिकेट में मंधाना का 9वां शतक रहा साथ ही कंगारू टीम के खिलाफ दूसरा वनडे शतक रहा। मंधाना के अलावा इस मुकाबले में अन्य कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाया और टीम को हार मिली। भारत को तीन मैचों की वनडे सीरीज में कंगारू टीम ने 3-0 से हरा दिया। वनडे क्रिकेट में मंधाना ने साल 2024 में पर्थ में अपना चौथा शतक लगाया और वो महिला वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में 4 शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई। इस चौथे शतक के साथ ही उन्होंने 7 खिलाड़ियों को एक साथ पीछे छोड़ दिया जिन्होंने वनडे प्रारूप में एक साल में 3-3 शतक लगाए थे। इसमें बेलिंडा क्लार्क, मेग लैनिंग, सैटरथवेट, सोफी डिवाइन, सिदरा अमीन, नैट साइवर-ब्रंट और लॉरा वोल्वार्ट शामिल हैं।

**एक कैलेंडर वर्ष में महिला वनडे में सर्वाधिक शतक**

- 4 - स्मृति मंधाना (2024)
- 3 - बेलिंडा क्लार्क (1997)
- 3 - मेग लैनिंग (2016)
- 3 - एमी सैटरथवेट (2016)
- 3 - सोफी डिवाइन (2018)
- 3 - सिदरा अमीन (2022)
- 3 - नैट साइवर-ब्रंट (2023)
- 3 - लॉरा वोल्वार्ट (2024)

**महिला वनडे में सर्वाधिक शतक**

- 15 - मेग लैनिंग (ऑस्ट्रेलिया)
- 13 - सुजी बेट्स (न्यूज़ीलैंड)
- 10 - टैमी ब्यूमोंट (इंग्लैंड)
- 9 - स्मृति मंधाना (भारत)
- 9 - चमारी अथापथु (एसएल)
- 9 - चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड)
- 9 - नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड)



**मिल गई वर्ल्ड कप की मेजबानी**

# सऊदी अरब में लगेगा फुटबॉल का महाकुंभ...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2034 फुटबॉल फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है. अब सऊदी अरब में भी फुटबॉल का महाकुंभ देखने को मिलेगा. बता दें कि फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन ने 2030 और 2034 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी का ऐलान कर दिया है. फीफा ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2034 की मेजबानी सऊदी अरब को दी है. इसके अलावा 2030 फीफा वर्ल्ड कप की भी घोषणा कर दी गई है. 2030 वर्ल्ड कप की मेजबानी संयुक्त रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को दी गई है. इसकी घोषणा फीफा के अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो की है.

**कतर वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना बनी थी चैंपियन**

बता दें कि 2 साल पहले यानी 2022 में ही फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन कतर में हुआ था. एक बार फिर अब यह टूर्नामेंट अरब देश में होने जा रहा है. कतर वर्ल्ड कप में लियोनल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना की धूम रही थी. इसी टीम ने खिताब भी जीता था.

फीफा वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच 3-3 से बराबरी पर रहा था. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ, जिसमें अर्जेंटीना ने 4-2 से बाजी मारी. अर्जेंटीना ने यह इतिहास में तीसरी वर्ल्ड कप खिताब जीता.

**रोहित शर्मा पर अब तक का सबसे बड़ा हमला**




# लंबे समय तक खेलने वाले नहीं हैं...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ब्रिसबेन में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में जीत की तैयारी में जुटी है. एडिलेड की हार के बावजूद भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं क्योंकि पिछले दौरे पर भी उसने गाबा का किला फतेह किया था. टीम इंडिया में पिछले दौरे की जीत को दोहराने का जुनून साफ दिखाई दे रहा है. लेकिन, इन सबके बीच भारतीय कप्तान को साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डैरिल कलिनन ने निशाने पर ले लिया है. उन्होंने रोहित शर्मा पर एक नहीं बल्कि दो बड़े आरोप लगाए हैं, जो कि उनकी बल्लेबाजी और शरीर के वजन से जुड़े हैं. कलिनन के मुताबिक रोहित लंबे समय तक खेलने वाले नहीं हैं. बिग क्रिकेट लीग में नॉर्दन चैलेंजर्स टीम को कोच कर रहे डैरिल कलिनन ने Insidesport से खास बातचीत में पहले तो रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल उठाए. फिर उनके वजन पर. उन्होंने कहा कि हिटमैन रोहित सपाट पिचों के शहंशाह हैं.

**पूर्व स्टार इंग्लिश फुटबॉलर कैंपबेल बोले**

# भारत को मैं क्रिकेट से जानता हूं



**कोलकाता, एजेंसी।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में आर्सेनल के महान फुटबॉलर 50 वर्षीय कैंपबेल ने कहा, जो भी फुटबॉल से प्यार करता है, उसे दौड़ने से भी प्यार करना चाहिए, क्योंकि यही आपको सर्वश्रेष्ठ बनाता है। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान प्रसिद्ध फुटबॉलर सोल कैंपबेल का बुधवार देर शाम कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कैंपबेल ने कहा, यहां आना उनके लिए खुशी की बात है। इंग्लैंड का होने के नाते वह भारत को क्रिकेट के जरिये जानते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी सुना है कि कोलकाता अपने खेल प्रेमी लोगों के लिए भी प्रसिद्ध है। कैंपबेल इस बार के टाटा स्टील वर्ल्ड 25के रेस के अंतरराष्ट्रीय इवेंट राजदूत हैं।

इंग्लैंड के लिए सेंटर बैक के रूप में 73 मैच खेलने वाले कैंपबेल ने कहा, खिलाड़ी होने के नाते खेल प्रेमियों के शहर में आकर खुशी महसूस हो रही है। साथ ही टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता का हिस्सा बनकर मुझे खुशी हो रही है। यह एक रेस है, जिसने समुदायों को एकजुट किया। साथ ही स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की दिशा में काम कर रहा है।



# नीलम भारद्वाज का घरेलू सीरीज में जलवा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** उत्तराखंड की 18 वर्षीय बल्लेबाज नीलम भारद्वाज ने अपने राज्य की टीम के लिए खेलते हुए नागालैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाते हुए रिकॉर्ड बना दिया है। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली भारत की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बन गई हैं। नीलम ने अपनी तूफानी पारी में 137 गेंद खेलते हुए नाबाद 202 रन ठोके जिसमें 27 चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी पारी से उत्तराखंड ने 50 ओवर में 371 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसके जवाब में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने नागालैंड की टीम को 47 ओवर में 112 रन पर समेट दिया। अंत में नीमल प्लेयर ऑफ द मैच बनीं।

**दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बनी**

**दोहरा शतक लगाने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर्स**

- नीलम भारद्वाज - नाबाद 202 रन, नागालैंड के खिलाफ
- स्मृति मंधाना - 224 रन, गुजरात के खिलाफ
- श्वेता सहरावत - 242 रन, नागालैंड के खिलाफ

बचपन तंगी में बीता, कोच ने दिया सहारा

उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में रामनगर रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में पली- बढ़ी नीलम का बचपन आर्थिक तंगी में बीता। उनके पिता नरेश भारद्वाज प्लाई फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूर थे। लकड़ियां ढोते समय संतुलन खोने से चार साल पहले उनका निधन हो गया। इससे नीलम के क्रिकेट करियर पर मुश्किलों के बादल मंडराने लगे। इस मुश्किल वक्त में नीलम के बचपन के कोच मोहम्मद अंसारी ने उन्हें संभाला। उन्होंने कहा, नीलम 8 साल की उम्र में मेरे पास क्रिकेट सीखने आई थी। जब वह 11-12 साल की थी, उसने अंडर-19 टीम में जगह बनाई। वह मेरे लिए गौरवान्वित करने वाला पल था।

**एसए20 में कार्तिक के बाद और भारतीय खिलाड़ियों के भी खेलने की उम्मीद: जैक कैलिस**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक कैलिस ने कहा कि दिनेश कार्तिक का एसए20 टूर्नामेंट के तीसरे सीजन में खेलना इस बात की शुरुआत हो सकती है कि भविष्य में और भी भारतीय खिलाड़ी इस छह टीमों वाली लीग में हिस्सा लें। दिनेश कार्तिक ने इस साल आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह एसए20 में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे। वह 9 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले तीसरे सीजन में पार्ल रॉयल्स टीम का हिस्सा होंगे।

जैक कैलिस एसए20 के ब्रांड एंबेसडर हैं। दिग्गज ऑलराउंडर ने आईएएनएस के साथ एक वर्चुअल बातचीत में कहा, "यह बहुत शानदार है कि भारत के खिलाड़ी इस लीग में आ रहे हैं। भारतीय खिलाड़ियों को आमतौर पर दुनियाभर की लीग में खेलने की इजाजत नहीं मिलती थी। उम्मीद है, यह शुरुआत है। आगे और भी भारतीय खिलाड़ी यहां खेलेंगे।

**बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स**

# ट्रीसा-गायत्री ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखीं



**हांगझोउ, एजेंसी।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन को 21-19, 21-19 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखते हुए मलेशियाई जोड़ी को महज 46 मिनट में हरा दिया। ट्रीसा और गायत्री बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

ट्रीसा और गायत्री ने आक्रामक रणनीति के साथ अपने मैच की शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-2 की बढ़त हासिल की। मलेशियाई जोड़ी ने जल्द ही जवाबी हमला किया और मैच को बराबरी पर ला दिया। हालांकि, भारतीय जोड़ी ने निर्णायक क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में भी पहले गेम की तरह ही तीव्रता देखने को मिली। पहले पांच अंकों तक संतुलित शुरुआत के बाद मलेशियाई जोड़ी ने थोड़ी बढ़त हासिल कर ली। 19-19 तक यह एक करीबी मुकाबला रहा, लेकिन ट्रीसा और गायत्री ने एक बार फिर अपना संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक लेकर मैच को अपने नाम कर जीत सुनिश्चित की।

भारतीय जोड़ी को बुधवार को अपने शुरुआती मैच में झटका लगा और वे विश्व की नंबर 1 और पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग से 20-22, 22-20, 21-14 से हार गई। भारतीय जोड़ी अपने ग्रुप में चीनी जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर है।

सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए उन्हें शुक्रवार को नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापानी जोड़ी के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी।

# गाबा टेस्ट वह जगह है जहां स्मिथ, ख्वाजा फॉर्म हासिल करना चाहेंगे : कैटिच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर साइमन कैटिच अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद अनुभवी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ के फॉर्म को लेकर आशावादी हैं और उन्होंने भरोसा जताया कि ब्रिसबेन में शनिवार से शुरू होने वाला गाबा टेस्ट इस जोड़ी को बड़ा स्कोर बनाने का मौका दे सकता है।

दोनों खिलाड़ियों ने सीरीज में अब तक संघर्ष किया है, ख्वाजा ने चार पारियों में 8, 4, 13 और नाबाद 9 रन बनाए हैं और स्मिथ ने सिर्फ 0, 17 और 2 रन बनाए हैं। लेकिन, कैटिच ने पर्थ में दूसरी पारी में स्मिथ और एडिलेड में पहली पारी में ख्वाजा से संकेत पाया कि दोनों ने थोड़ा सा टच हासिल किया है, लेकिन इसे महत्वपूर्ण रन में नहीं बदल पाए हैं।

कैटिच ने एसईएन मॉर्निंग्स पर कहा, मुझे लगता है कि एडिलेड में पहली पारी में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।

# घुड़सवारी के खेल में घोड़े को एथलीट माना जाए या उपकरण? उठे सवाल?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय असल में ईएफआई के प्रशासन पर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उस पर निजी क्लबों और संस्थानों को मतदान का अधिकार देकर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। घुड़सवारी के खेल इक्वेस्ट्रियन में घोड़े को एथलीट कहा जाए या उपकरण, यह चर्चा का विषय बन गया है। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) उन्हें एथलीटों के साथ जोड़ना चाहता है, लेकिन घुड़सवारों ने ऐसी किसी चीज के लिए जोर देने के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह किया है जो आगे चलकर चीजों को जटिल कर सकती है।

**दिल्ली उच्च न्यायालय कर रहा सुनवाई**

दिल्ली उच्च न्यायालय असल में ईएफआई के प्रशासन पर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उस पर निजी क्लबों और संस्थानों को मतदान का अधिकार देकर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। यह मामला ईएफआई से मान्यता प्राप्त राजस्थान की इकाई ने दायर किया गया है जो चाहता है कि यह अधिकार केवल राज्य संघों के पास हो।

**ईएफआई ने असंबंधित दलील दी**

एक सुनवाई के दौरान ईएफआई ने यह असंबंधित दलील दी जिसने खेल का अनुसरण करने वालों के साथ-साथ इसमें शामिल लोगों की भी रुचि जगाई। एशियाई खेल 1998, 2002 और 2006 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे राजेश पट्टू ने ईएफआई की पूरी दलील को खारिज करते हुए कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घोड़ा एथलीट है या उपकरण क्योंकि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ के चुनावों में मतदान नहीं करने जा रहा है।

**घुड़सवार फवाद मिर्जा ने क्या कहा?**

उन्होंने कहा, ईएफआई इस तरह की अप्रासंगिक दलील देकर अदालत का समय बर्बाद कर रहा है।

इसका निर्वाचन मंडल से कोई लेना-देना नहीं है जो कि मुख्य मामला है। ओलंपिक (टोक्यो ओलंपिक 2021) के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा घोड़ों को एथलीट के रूप में वर्गीकृत करने के पक्ष में हैं लेकिन उन्होंने इस तरह के कदम से आने वाली जटिलताओं के बारे में चेतावनी भी दी।

**घोड़ों को एथलीट मानते हैं फवाद**

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं अपने घोड़े को एक एथलीट मानता हूं। मैं अपने घोड़े को एक पेशेवर और उच्च श्रेणी के एथलीट के रूप में देखता हूं।

दूसरी ओर यदि आप उन्हें कानूनी चीजों के संबंध में, कानूनी व्यक्ति के रूप में, कानून के माध्यम से, या उन्हें पुरस्कृत करके मानवीय बनाने की कोशिश करते हैं तो यह काफी कठिन और जटिल हो जाता है।

**मानवीय चीजों को कानून से न जोड़ें**

मिर्जा ने कहा, वे आखिरकार जानवर हैं और अगर आप मानवीय चीजों और विचारों तथा कानून को जोड़ने की कोशिश करते हैं तो मुझे लगता है कि यह स्थिति को जटिल बनाता है। मिर्जा और पट्टू दोनों फिलहाल जर्मनी के सारब्रुकेन में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## संपादकीय

# संसद में हंगामा नहीं, बहस हो

संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के 12वें दिन मंगलवार को भी दोनों सदन हंगामों के बीच पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिए गए। सोमवार को भी ऐसा ही हुआ था। पिछले सप्ताह भी संसद में कमोबेश ऐसा ही दृश्य रहा। संसद चलाने पर सहमति-यह स्थिति तब है, जब पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष दोनों में सहमति बनी थी कि सदन में कामकाज को बाधित नहीं होने दिया जाए। यह महसूस किया गया कि सदन ठप होने से कई जरूरी मसलों पर चर्चा नहीं हो पाती। कांग्रेस का रुख - देखा जाए तो यह पॉजिटिव डिवेलपमेंट था, जिसके बाद उम्मीद बंधी कि संसद का यह सत्र शायद स्वस्थ बहस का गवाह बने। खास बात यह रही कि इस दबाव के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व की रणनीति में भी बदलाव दिखा। अदाणी ग्रुप से जुड़े आरोपों पर जोर देने के लिए सदन में हंगामा करने के बजाय कांग्रेस के लोग सदन के अंदर और बाहर अन्य उपायों से इस मसले की ओर ध्यान खींचने लगे। काले रंग के पोस्टरयुक्त जैकेट पहनने से लेकर मुखौटे लगाने तक अलग-अलग तरीके आजमाए गए। हंगामा जारी रहा-अफसोस की बात यह है कि इन सबसे संसद के अंदर माहौल में कोई खास बदलाव नहीं आया। विपक्ष के आरोप तो अपनी जगह बने ही रहे, सत्ता पक्ष इसके जवाब में कांग्रेस नेतृत्व की कथित भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस के संगठन से मिलीभगत के आरोपों को उसी आक्रामकता से उठाता दिखा। नतीजा यह कि संसद में कामकाज सामान्य रूप से चलने की जो संभावना बन रही थी, वह धूमिल हो गई। सरकार, विपक्ष में तालमेल, लेकिन एक वक्त ऐसा भी था, जब हालात अलग थे। 2003 में जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने एक कूटनीतिक मामले में विपक्ष की मदद ली थी। वाजपेयी ने वामपंथी नेताओं को चाय पर बुलाया और उन्हें इराक में भारतीय फौज भेजने का विरोध के लिए मनाया। अमेरिका इसके लिए सरकार पर दबाव डाल रहा था। वाजपेयी इराक में भारतीय फौज नहीं भेजना चाहते थे, लेकिन साथ ही यह संदेश भी देना चाहते थे कि चूंकि देश में इस कदम का भारी विरोध हो रहा है, इसलिए वह मांग नहीं मान सकते। जिम्मेदारी किसकी - आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसे संबंध की कल्पना नहीं की जा सकती। असल में, लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद के अंदर कामकाज सुचारू ढंग से चलता रहे, यह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है, लेकिन सत्ता पक्ष पर इसका ज्यादा दायित्व होता है।

# विरासत के साथ विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के संकल्प का एक वर्ष

● डॉ. मोहन यादव

देश का हृदय प्रांत मध्यप्रदेश गौरवशाली इतिहास और विश्वविख्यात सांस्कृतिक परंपराओं के लिये प्रसिद्ध है। सृष्टि के आरंभ से लेकर अब तक मानव सभ्यता के कई चिन्ह मध्यप्रदेश की धरती पर हैं। यहां पर्याप्त भू-संपदा, वन-संपदा, जल-संपदा, और खनिज-संपदा है। हम विगत एक वर्ष में विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के साथ प्रदेश की विरासत को सहेजने के संकल्प को लेकर आगे बढ़े हैं।

यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इन दिनों प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। यह प्रदेश की समृद्धि का उत्सव है। इसमें भविष्य की कई संभावनाएं आकार लेंगी। शासन-प्रशासन और प्रदेशवासी सभी मिलकर विकास की गंगा बहाएंगे। आपकी सरकार, आपके द्वार होगी और जनता के हित जनता तक पहुंचेंगे। इसमें नई सौगातें भी शामिल होंगी।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो के स्वप्न को मध्यप्रदेश में धरातल पर उतारा जा रहा है। 17 दिसंबर को पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना तथा 25 दिसंबर को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया जायेगा। यह आनंद का विषय है कि मध्यप्रदेश देश में पहला ऐसा राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इससे जलस्त्रोत परस्पर जुड़ेंगे तो धरती का जल स्तर सुधरेगा, हमारे गांव और क्षेत्रों को पानी सुलभ होगा तथा अन्नदाता को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिलेगा। प्रदेश में जिस तरह कृषि, उद्योग, पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन के लिये संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इसमें औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति की त्रिवेणी से गरीबी पूर्णत: समाप्त हो जायेगी।

पिछले दिनों रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करके मध्यप्रदेश के गांव-गांव को औद्योगीकरण और आधुनिक उत्पाद से जोड़ने का प्रयत्न किया गया है। भविष्य में जिला स्तर पर भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होंगी। हैदराबाद, कोयंबटूर तथा मुंबई में रोड-शो और यूके-जर्मनी के उद्योगपतियों को निवेश के लिये प्रदेश में आमंत्रित करना उद्योग विस्तार का उपक्रम है। क्षेत्रीयता से लेकर ग्लोबल स्तर तक उद्योग के लिये किया गया यह पहला नवाचार है।

प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत निर्माण के लिये ज्ञान (ज्ञ्ह) गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान की बात कही है। हमने इन्हीं 4 आधार स्तंभों पर केंद्रित समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया है। प्रदेश सरकार गरीब कल्याण, युवा शक्ति, किसान-कल्याण और नारी शक्ति मिशन लागू करने जा रही है।

हमारा लक्ष्य है अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण हो, उन्हें बेहतर भविष्य निर्माण का अवसर मिले। प्रदेश में हर गरीब की पढ़ाई, लिखाई, दवाई, नौकरी और रहने-खाने से लेकर जीवन की हर जरूरत को सरकार पूरा कर रही है। अब गरीब-कल्याण मिशन में होने वाली गतिविधियों और कार्यों से हर गरीब के जीवन-स्तर में सुधार आयेगा, उनकी समृद्धि से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। यह गरीबों के प्रति हमारी संवेदनशीलता ही है कि हुकुमचंद मिल के 30 साल पुराने विवाद से लेकर श्रमिकों की मिल से जुड़ी हर समस्या का हल निकाला और उन्हें उनका अधिकार दिलाया है, वहीं गंभीर बीमारी के गरीब मरीजों के लिये एयर एंबुलेंस सेवा भी शुरू की है।

राष्ट्र को समृद्ध बनाने की शक्ति युवाओं



में है। आवश्यक है कि युवा कर्मशील हो, विचारशील हो और अपनी परंपराओं से जुड़ा हुआ हो। इसी अनुरूप युवाओं को शिक्षण और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में तैयार राष्ट्रीय शिक्षा नीति सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू हुई। यहां स्किल्ड युवा तैयार हो रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी, भारतीय ज्ञान परंपरा और युगानुकूल शिक्षा के समावेश से युवाओं को अपनी समृद्ध विरासत का ज्ञान होगा और बेहतर भविष्य निर्माण के द्वार खुलेंगे। हर विकासखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से गांव-गांव से खेल प्रतिभाएं उभरकर आएंगी।

युवा शक्ति मिशन में प्रदेश के युवाओं की शिक्षा, आधुनिक तकनीकी में योग्यता और कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास की लक्ष्य प्राप्ति शामिल है। प्रदेश में स्किल्ड युवा अपना स्व-रोज़गार स्थापित कर रहे हैं। वहीं शासकीय सेवाओं में लगभग ढाई लाख युवाओं की भर्ती का अभियान भी शुरू हो गया है।

मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रांत है। किसान कल्याण मिशन में कृषि की उपज बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किये जायेंगे। अगले 5 वर्ष में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से 1 करोड़ हेक्टेयर किया जायेगा। अन्नदाता को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने के साथ खाद, बीज से लेकर उपज की बिक्री तक की व्यवस्था की गई है। किसानों के खेत में सोलर पंप लगाए जाएंगे, जिससे वे अपने उपयोग के लिये अपनी बिजली स्वयं बनायेंगे। हम प्रयासरत हैं कि जल की एक-एक बूंद का लाभ किसानों को मिले। हम चाहते हैं कि किसान चिंता मुक्त होकर खेती करें और खुशहाल जीवन जियें। हर किसान को गौ-पालक और हर घर को गौ-रक्षक बनाने का प्रयास है। मध्यप्रदेश न केवल कृषि उत्पादन में देश में शीर्ष पर हो, बल्कि दुग्ध उत्पादन और दुग्ध निर्यातक प्रदेश बने इसीलिये मध्यप्रदेश में गौ-वंश पालन के लिये अनुदान दिया जा रहा है।

भारतीय दर्शन में नारी के महत्व का उल्लेख है। महिला कल्याण के लिये नारी शक्ति मिशन में महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण किया जायेगा। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां शासकीय सेवाओं में महिलाओं का आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की लाखों बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य हो रहा है। प्रदेश में समृद्ध और गौरवशाली विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीराम के कर्तव्य पालन और राष्ट्र निर्माण का समर्पण संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का आधार देगा। श्रीकृष्ण पाथेय में उन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां श्रीकृष्ण के स्मृति चिन्ह हैं। उन स्थलों पर कर्म, कर्तव्य, धर्म-संस्कृति से संबंधित गीता का संदेश और श्रीकृष्ण की लीलाओं को उकेरा जायेगा, जिससे लोग कर्मयोग के प्रति जागरूक हों तथा कर्मशील-धर्मशील नागरिक बनें।

मध्यप्रदेश सरकार जनमत और जन-भावना का प्रतिबिंब है। हमारा समाज अपनी विरासत को सहेज कर चलता है, इसीलिये समाज द्वारा निर्मित सरकार ने भी समाज के साथ अपने उत्सव आयोजनों को मिलकर मनाने की शुरुआत की है। मेरा प्रयास रहा है कि प्रदेश की जनता का जीवन सहज, सरल और सुगम हो। जनता की सुविधा के लिये साइबर तहसील से घर बैठे नामांतरण, बंटवारा, ई-पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की गई। थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से संकट की स्थिति में लोगों को त्वरित राहत मिलेगी। उज्जैन में मेडिसिटी का निर्माण, 51 मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल से प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की गारंटी, इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन, राष्ट्रीय राजमार्ग सुदृढ़ीकरण और मेट्रोपोलिटन सिटी निर्माण से विकास में गुणात्मक वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक देश को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना। मध्यप्रदेश, भारत की इस विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया जायेगा। प्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ हमारी सरकार का जो संकल्प पत्र था, उस पर तेजी से कार्य हो रहा है। आने वाले 4 वर्ष में हम एक-एक संकल्प को पूर्ण करेंगे।

प्रदेश में शुरू हुये जनकल्याण पर्व के अवसर पर प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से मेरा आग्रह है कि गौरवशाली और वैभवशाली भारत निर्माण के लक्ष्य पूर्ति के लिये आइये, हम साथ चलें और साथ बढ़ें।

**( लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

# लालू यादव के 'घर में वर्चस्व' की लड़ाई

**आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। कुछ दिनों तक तो वे अपने वैवाहिक जीवन में आई खटास के कारण चर्चा में रहे। कभी संत का रूप धारण करते हैं तो कभी ठेठ सियासत की बात करते हैं। उनकी महत्वाकांक्षा भी कम नहीं है। वे आरजेडी में अपना अलग वर्चस्व स्थापित करना चाहते हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से वे उलझ चुके हैं। तनातनी ऐसी रही कि लालू यादव को हस्तक्षेप कर नाराज जगदानंद को मनाना पड़ा।**

(देवेन्द्र कश्यप)

लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप अपने तेवर और अंदाज से अक्सर संकट खड़ा करते रहे हैं। उनके इन कारनामों से लालू और तेजस्वी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बार तेज प्रताप ने फिर एक मुसीबत का बीजारोपण कर दिया है। महुआ से चुनाव लड़ने का ऐलान कर उन्होंने तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ा दी है

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। कुछ दिनों तक तो वे अपने वैवाहिक जीवन में आई खटास के कारण चर्चा में रहे। कभी संत का रूप धारण करते हैं तो कभी ठेठ सियासत की बात करते हैं। उनकी महत्वाकांक्षा भी कम नहीं है। वे आरजेडी में अपना अलग वर्चस्व स्थापित करना चाहते हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से वे उलझ चुके हैं। तनातनी ऐसी रही कि लालू यादव को हस्तक्षेप कर नाराज जगदानंद को मनाना पड़ा। इस बार तेज प्रताप फिर चर्चा में हैं। उन्होंने अपनी हसनपुर सीट छोड़ कर महुआ की पुरानी सीट से अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। महुआ से आरजेडी के टिकट पर राकेश रोशन अभी विधायक हैं।

**महुआ से चुनाव लड़ने की घोषणा की -** तेज प्रताप यादव महुआ से पहले भी विधायक रहे हैं। बीते चुनाव में आरजेडी ने तेज प्रताप को हसनपुर से उम्मीदवार बनाया। वे वहां से जीत भी गए। महुआ से आरजेडी ने मुकेश रोशन को उम्मीदवार बनाया। वे भी जीत गए। मुकेश पेशे से डाक्टर हैं। तेज प्रताप रविवार को अपने पुराने क्षेत्र महुआ के दौरे पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि वे अगला चुनाव महुआ से ही लड़ना पसंद करेंगे। जब वे महुआ से विधायक थे तो क्षेत्र में काफी काम किया। उनकी इस बात के बाद महुआ में सियासी माहौल गरमा गया है। विधायक मुकेश रोशन को भी लगता है कि लालू यादव का बेटा होने के कारण तेज प्रताप कहीं से चुनाव लड़ सकते हैं।

**आरजेडी के विधायक रोशन सुबकने लगे -**



मुकेश रोशन को तेज प्रताप के ऐलान से इतनी पीड़ा पहुंची कि वे कैमरे के सामने रोने लगे। इसका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वे कहते दिख रहे हैं कि लालू यादव का बेटा होने के कारण वे कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं। लालू यादव और तेजस्वी यादव के प्रति मुकेश अपनी आस्था का इजहार भी करते हैं। वे यह भी कहते हैं कि अगर महुआ सीट उन्हें नहीं मिली तो वे अपने डॉक्टरी पेशे का रुख करेंगे। हालांकि कहा यह जा रहा है कि तेज प्रताप ने अनायास ही महुआ से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की है। पार्टी के कार्यक्रमों से मुकेश रोशन के कटे रहने के कारण लालू परिवार उनसे नाराज बताया जाता है। सच्चाई जो हो, लेकिन इतना तो तय है कि तेज प्रताप ने मुकेश का दिल दुखा दिया है।

**2019 में तेज प्रताप ने खड़ा किया बखेड़ा -** यह पहला मौका नहीं है, जब तेज प्रताप ने आरजेडी के सामने मुसीबत खड़ी की हो। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने अपने चहेते लोगों को टिकट दिलाने के लिए हुड़दंग मचाया था। जहानाबाद से आरजेडी ने सुरेंद्र यादव को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। यह तेज प्रताप को नहीं जंचा। वे सुरेंद्र यादव को टिकट देने के खिलाफ थे। उन्हें हराने में तेज प्रताप की शह पर उतरे निर्दलीय उम्मीदवार की भूमिका रही। तेज प्रताप छपरा से अपने ससुर चंद्रिका राय की उम्मीदवारी का भी विरोध किया था। कुछ और जगहों पर भी तेज प्रताप अपने लोगों को टिकट दिलाना चाहते थे। हालांकि लालू यादव और तेजस्वी ने उनकी एक नहीं सुनी। उनके किसी भी आदमी को पार्टी ने टिकट नहीं दिया।

**जगदानंद से भी उलझ गए थे तेज प्रताप -** तेज प्रताप अपने पिता के विश्वसनीय मित्र आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से भी उलझ चुके हैं। 2022 में जगदानंद सिंह ने जब कार्यालय प्रभारी चंद्रेश्वर को उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया तो इस लेकर तेज प्रताप ने सोशल मीडिया पर खूब हड़दंग मचाय था। उन्होंने जगदानंद को तानाशाह तक कह दिया था। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा था कि चंद्रेश्वर जैसे सुख-दुख के साथी को तानाशाही का शिकार होना पड़ा है।

**परिवार में भी अशांति का कारण बने तेज -** तेज प्रताप की पत्नी को लेकर परिवार में अशांति लोग देख चुके हैं। धूमधाम से हुई शादी का हश्र विवाह विच्छेद के कानूनी पचड़े के रूप में सामने आया। उनकी पत्नी ने राबड़ी देवी पर मार-पीट का आरोप लगाया। घर से बाहर निकाले जाने का तोहमत मढ़ा। पुलिस और मुकदमे की नौबत आ गई। तब लालू परिवार की इससे बदनामी भी हुई थी।

## वर्ग पहेली 5580



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. धनुषधारी, शारंगधारी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, रूपवान, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इस्मत, प्रतिष्ठा, इज्जत (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मेहमान, शुभागतुक (3)
2. एकता, मित्रता, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सभ्यीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 19191 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थित, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मदोन्मत (2)

### वर्ग पहेली 5579 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | सी | रू | दी | न | शा | ह | ■ |
| सी | र | त | ■ | म | द | र | सा |
| ब | ■ | ■ | ता | क | ■ | फ | ल |
| ■ | गु | म | रा | ह | ■ | ■ | गि |
| क | ल | म | ■ | रा | ह | ब | र |
| ला | ■ | ता | ली | म | ■ | रा | ह |
| ■ | या | म | ■ | ■ | ■ | ब | ■ |
| ■ | क्ष | य | ■ | ड | का | र | ■ |

# एकनाथ शिंदे हुए खफा? महायुति के बर्ताव से भी उखड़े, अमित शाह से मिलने दिल्ली तक नहीं गए

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनने के बाद भी सियासी ड्रामा जारी है। खबरें हैं कि आलाकमान से दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद नहीं थे। कहा जा रहा है कि बड़े मंत्रालयों पर मतभेद सुलझने के बाद भी गठबंधन सरकार में कुछ मुद्दों पर रार जारी है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इस सप्ताह कैबिनेट विस्तार हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, शिवसेना प्रमुख के कार्यालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि शिंदे बुधवार को हुई बैठक में मौजूद नहीं थे। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब राज्य में विभागों के बंटवारे को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जगत प्रकाश नड्डा के साथ हुई मीटिंग में अजित पवार भी शामिल रहे थे। खास बात है कि पहले शिंदे भी बैठक में शामिल होने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने नहीं जाने का फैसला किया। अखबार से बातचीत में उनके करीबियों ने बताया है कि शहरी विकास विभाग के अलावा शिंदे पक्ष को कोई भी बड़ा मंत्रालय नहीं दिया गया है। वह राजस्व, लोक निर्माण, एमएसआरडीसी, आवास और उद्योग में दिलचस्पी दिखा रहे थे, लेकिन भाजपा ने मांग को स्वीकार नहीं किया। खबर है कि शिंदे भाजपा की इस शर्त से भी



खफा थे कि पिछली सरकार में जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, उन नेताओं को नहीं चुना जाएगा। अखबार से बातचीत में शिंदे के एक करीबी ने कहा, इस पूरी प्रक्रिया में शिंदे उनके साथ हुए व्यवहार से भी खफा हैं। उन्होंने कहा, उन्हें हर चीज में तोल मोल करना पड़ा। उन्हें लगता है कि सत्ता में उन्हें उचित हिस्सा नहीं दिया गया। जबकि, महाराष्ट्र में महायुति की जीत में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है।

**किसके खाते में क्या :** राज्य सरकार में विभागों को लेकर जारी बैठकों के बात तीनों दल एक फॉर्मूले पर सहमत होते नजर आए थे, जिसके तहत भाजपा को 22, शिवसेना को 11 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 10 पद मिलेंगे। खास बात है कि महाराष्ट्र सरकार में अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं, जिनमें सीएम भी शामिल हैं। हालांकि, खबरें ये भी हैं कि विभागों की संख्या बदल भी सकती है। अखबार ने भाजपा नेताओं के हवाले से बताया है कि अगर शिवसेना और एनसीपी और ज्यादा मंत्री पद मांगती है, तो उन्हें छोटे विभागों से संतोष करना होगा। इधर, गृहमंत्रालय भाजपा के खाते में जाता नजर आ रहा है और माना जा रहा है कि पार्टी राजस्व भी अपने पास रख सकती है। शिंदे को शहरी विकास विभाग और वित्त एनसीपी को मिल सकता है। चैनल के अनुसार, नाम न छापने की शर्त पर एक भाजपा नेता ने कहा, कैबिनेट विस्तार 14 दिसंबर को हो सकता है। गृह विभाग शिवसेना को दी जाने की संभावनाएं नहीं हैं। शिवसेना को हो शहरी विकास दिया जा सकता है, लेकिन हो सकता है कि उन्हे राजस्व न मिले। खबरें ये भी हैं कि सरकार में चार से पांच मंत्री पद खाली रखे जाएंगे।

## मैं सभी की ऋणी, चाहती हूं इंडिया गठबंधन में सब ठीक रहे : ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को उन नेताओं का धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की कमान तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख को सौंपी जानी चाहिए। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के तटीय शहर दीघा के तीन दिवसीय दौरे पर आईं बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि वह उन नेताओं और गठबंधन की कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना करेंगी। बनर्जी ने कहा, मैं सभी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इतना सम्मान दिया है। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। मैं चाहती हूं कि वे और उनकी पार्टी अच्छा करें। मैं यह भी चाहती हूं कि 'इंडिया' गठबंधन अच्छा करे। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने इस मुद्दे पर और कुछ कहने से इनकार किया। बनर्जी ने पिछले सप्ताह वपिक्षी गठबंधन 'इंडिया' की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया था और कहा था कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वह विपक्षी गठबंधन की कमान संभालने की मंशा रखती हैं। इसके कई घटक दलों के नेताओं ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि बनर्जी को गठबंधन का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। बनर्जी ने बंगाली समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने 'इंडिया' बनाया था।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ओबीसी को साधने की तैयारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछड़ वर्ग और उप-जातियों के सदस्यों तक पहुंचने का अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी बैठकों और सम्मेलनों के जरिए इन्हें साधने की कोशिश कर रही है। दिल्ली में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की करीब 52 ऐसी उपजातियां हैं जिन्हें संपर्क कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि अभियान की शुरुआत पाल समुदाय के सदस्यों की एक बैठक से हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रवा राजपूत, कश्यप, राजभर, जोगी, लोधी और तेली समेत अन्य ओबीसी उपजातियों की बैठकें होंगी, जिनमें पार्टी के प्रमुख नेता भी भाग लेंगे। यादव ने कहा, ओबीसी समुदाय के लोग दिल्ली में मतदाताओं का सबसे बड़ा वर्ग हैं। अन्य पिछड़े वर्गों में से कई की संख्या कम है और वे इस अभियान का केंद्र हैं। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव अगले साल फरवरी में होंगे। भाजपा 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। उन्होंने कहा कि बैठकों और सम्मेलनों के अलावा ओबीसी समुदाय से जुड़े प्रोफेशनल और महिलाओं की दो बड़ी बैठकें भी आयोजित करेगा।

ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि इन बैठकों में शहर के प्रमुख व्यक्ति, जिसमें प्रोफेशनल, उद्यमी, कारोबारी और ओबीसी समुदाय के अन्य प्रभावशाली सदस्य शामिल होंगे। यादव ने कहा कि भाजपा ओबीसी नेता नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताएंगे, जैसे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना और 127वां संविधान संशोधन पारित करना, जिसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पिछड़े वर्गों की अपनी सूची तैयार करने की अनुमति दी गई।

## महाकुंभ के दौरान बढ़ेगी रामलला के दर्शन की अवधि, सुरक्षा एजेंसियों के साथ मंदिर ट्रस्ट ने की बैठक

**अयोध्या।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर अयोध्या में भी तैयारियां चल रही हैं। प्रयागराज के बाद अयोध्या में स्नान की मान्यता है। इसी के चलते जिला प्रशासन व राममंदिर ट्रस्ट श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने पर मंथन कर रहा है। बृहस्पतिवार को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने रामजन्मभूमि की सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की। तय हुआ है कि महाकुंभ के दौरान रामलला के दर्शन की अवधि बढ़ाई जाएगी। संतों का कहना है कि तीर्थराज प्रयाग भी सरयू में अपनी कालिमा धोने आते हैं, इससे जुड़े कथानक भी हैं। इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद अयोध्या स्नान-दान, दर्शन-पूजन करने जरूर पहुंचते हैं। इसी को लेकर रामजन्मभूमि परिसर में राममंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉ अनिल मिश्र व गोपाल राव ने एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे, एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं पर मंथन किया। बैठक में तय हुआ है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में 10 से 12 जनवरी तक मनाई जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के राममंदिर पहुंचने की संभावना है। इसके बाद 15 जनवरी से कुंभ मेला शुरू हो जाएगा, जिसके चलते भी श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ेगी। इसको देखते हुए रामलला की दर्शन अवधि में वृद्धि की जा सकती है। साथ ही दर्शनपथ पर कतार व प्रसाद का काउंटर बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि दर्शन अवधि बढ़ाने का निर्णय ट्रस्ट से विचार-विमर्श के बाद भीड़ की स्थिति पर निर्भर होगा। अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन सुगमता पूर्वक कर सकें, इसी योजना पर काम हो रहा है।

# समदड़िया बिल्डर्स प्रा. लि.

# GOLDEN OPPORTUNITY

## For Customer

## Commercial Space on Rent

**समदड़िया मेडिकल मॉल**
सिरमौर चौक, रीवा
RERA NO. P-RWA-17-839



**श्री बालाजी गोल्ड**
मानस भवन के सामने, कॉलेज चौराहा रोड, रीवा
RERA NO. P-RWA-18-2004



**समदड़िया गोल्ड मॉल**
सिरमौर चौक, रीवा
RERA NO. P-RWA-17-801
999 दुकानें | 112 फ्लैट



**समदड़िया आदर्श**
जय स्तम्भ चौक, रीवा
RERA NO. P-RWA-18-2013



**हरदेव वैभव**
पुराना वेंकट टॉकिज, गोल पार्क, वेंकट रोड, रीवा
RERA NO. P-RWA-20-2802



**समदड़िया सेन्टर प्वाईंट**
ISBT समन तिराहा, रीवा



**अन्नंत वैभव**
युनिवर्सिटी रोड, खुतेही, रीवा
लक्जरी कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स



बुकिंग ऑफिस : समदड़िया सेन्टर प्वाईंट, नया बस स्टैण्ड, रीवा • समदड़िया गोल्ड मॉल, सिरमौर चौक, रीवा

7772022555, 9827754114, 9131007841, 8878006262




# New Gorakhpur

Old Howbagh Railway Station, Jabalpur

**11 एकड़ जमीन मे बन रहा है न्यू गोरखपुर**

जहाँ समदड़िया आभूषण, होटल, मॉल, मल्टिप्लेक्स एवं अन्य ब्रांड आ रहे हैं, आप भी आएँ

**निमार्ण आपके जरूरत के अनुरूप किया जाएगा**

साईट ऑफिस : पुराना हाउबाग रेल्वे स्टेशन, छोटी लाईन फाटक , जबलपुर
इन्क्वायरी ऑफिस : समदड़िया आभूषण, समदड़िया मॉल, सिविक सेन्टर, जबलपुर
कॉरपोरेट ऑफिस : समदड़िया बिल्डर्स प्रा. लि. होटल समदड़िया इन, रसल चौक, जबलपुर

7770966691, 7770966692
7770966693, 7770966689

# 2000 plus SHOWROOMS @ OLD BHOPAL

OPPOSITE OF BHOPAL JUNCTION RAILWAY STATION
NEAR NADRA BUS STAND , CHOLA ROAD , BHOPAL

समदड़िया आभूषण, होटल, मॉल, मल्टिप्लेक्स एवं
अन्य ब्रांड भी आ रहे हैं आप भी आएँ...


For Further Details Call

**87650 00013**
**80040 00013**

MANY INTERNATIONAL NATIONAL
& LOCAL BRANDS ARE KEEN TO JOIN

Samdariya
HIGH STREET MALL
Bhopal

SHOPPING / FOOD COURT / HOTEL / OFFICES / MULTIPLEX




*T & C Apply


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833